दैनिक न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रेनिंग पार्टनर/प्रशिक्षण प्रदाता के चयन हेतु प्राप्त आवेदनों को अब चयन समिति के समक्ष खोला जाएगा 21 सितम्बर को

**रायगढ़।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, रायगढ़ में कौशल विकास अंतर्गत प्रशिक्षण संचालन के लिए ट्रेनिंग पार्टनर/प्रशिक्षण प्रदाता के चयन हेतु 'रूचि की अभिव्यक्ति के लिए 13 सितम्बर 2022 सायं 5 बजे तक निर्धारित प्रपत्रों में आवेदन आमंत्रित की गई है तथा प्राप्त आवेदन पत्र को चयन समिति के समक्ष 14 सितम्बर को खोला जाना प्रस्तावित था। लेकिन अपरिहार्य कारण से 14 सितम्बर को खोले जाने वाली आवेदन पत्रों को अब 21 सितम्बर 2022 को दोपहर 12 बजे खोला जावेगा। उक्त जानकारी डिप्टी कलेक्टर/सहायक परियोजना अधिकारी, जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, सोसायटी, रायगढ़ ने दी है।

### गांजे की खेती कर रहा ग्रामीण गिरफ्तार

**गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के मरवाही के बदरोड़ी गांव से गांजे की खेती करने वाले एक ग्रामीण को पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा खेत से गांजे की पौधों को बरामद कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला को जानकारी मिली थी कि बदरोड़ी गांव के कुतलगड़ई बांधा के किनारे कोकड़ा टोला बदरोड़ी निवासी किसान बाबूलाल चिचमा व्यापक तौर पर अपने भिंडी और भुट्टा बाड़ी में छिपाकर बड़ी मात्रा में गांजे की खेती कर रहा है। जिसके बाद पुलिस की टीम ने बाबूलाल के खेत की जांच की जिसमें उसके खेत में 350 गांजे के पौधे मिले। जिसके बाद पुलिस ने नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी बाबूलाल चिचमा के भुट्टा बाड़ी से छोटे बड़े गांजा के 350 पौधे कुल वजन 38.2 किलो जिसकी कीमत लगभग 2 लाख रुपये के आसपास है को जब्त कर आरोपी बाबूलाल चिचमा को गिरफ्तार कर लिया है।

### गणेश विसर्जन झांकी हुई स्थगित, अब सोमवार रात निकलेगी

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर में रविवार रात आयोजित गणेश विसर्जन झांकी भारी बारिश के चलते स्थगित कर दी गई है। झांकी अब सोमवार रात को निकाली जाएगी। रविवार को जिला प्रशासन एवं झांकी समितियों की चर्चा के बाद निर्णय लिया गया है कि बारिश के चलते रविवार को निकलने वाली गणेश विसर्जन झांकी स्थगित कर सोमवार रात को निकाली जाएगी। एसएसपी रायपुर ने की इसकी पुष्टि की है। बता दें कि राजधानी रायपुर में प्रतिवर्ष 50 से अधिक झांकियां निकलती हैं। इस वर्ष भी 50 से अधिक झांकियों के निकलने वाली थी किंतु रविवार सुबह से ही मौसम में आए बदलाव और भारी बारिश के चलते इस कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है।

### सड़क हादसे में सरपंच दंपति की मौत

**बेमेतरा (आरएनएस)।** ग्राम पंचायत चरगवां की महिला सरपंच और उसके पति की नगपुरा - प्रतापपुर मार्ग पर सडक़ हादसे में मौत हो गई. बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार डीजे गाड़ी की ठोकर से उनकी मौत हुई है. घटना की बाद नवागढ़ थाने की पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। रायपुर सरपंच संघ से वापस आ रहे थे दंपति: पूरी घटना शनिवार रविवार की दरमियानी रात की है. जब चरगवां गांव की महिला सरपंच धर्मिन बाई निषाद और उसके पति कौशल निषाद रायपुर में सरपंच संघ के महाधरना प्रदर्शन में शामिल होकर वापस लौट रहे थे. तभी नगपुरा प्रतापपुर मार्ग पर तेज रफ्तार डीजे वाहन की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई. नवागढ़ थाने की पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महिला सरपंच धर्मिन बाई ने नवागढ़ अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया. उसके पति कौशल निषाद की बेमेतरा अस्पताल पहुंचने के बाद मौत हो गई।

# भारी बारिश को लेकर दक्षिण बस्तर में 24 घंटे का रेड व ऑरेंज अलर्ट

**रायपुर (आरएनएस)**



छत्तीसगढ़ में सितंबर माह के दूसरे सप्ताह में भी जाते जाते मानसून की बारिश जारी है। पितृ पक्ष के दूसरे दिन भी राजधानी रायपुर में आसमान पर काले बादलों ने सुबह से डेरा जमाना शुरू किया फिर दोपहर को झमाझम बारिश हो गई। रायपुर ही नही बिलासपुर, कोरबा,दुर्ग भिलाई, बेमेतरा में भी रविवार को बारिश हो रही है। शनिवार शाम से ही मौसम ने अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया था।

ईधर राज्य के दक्षिण बस्तर संभाग के बीजापुर में पिछले दो दिनों से रिकॉर्ड तोड़ बारिश ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है, लगातार बारिश के कारण लगभग50 से अधिक मवेशियो की पानी मे बहने की सूचना है ।

मौसम विभाग ने दंतेवाड़ा और सुकमा जिले के एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा होने की संभावना भी जताई है।

### छग के इन जिलों में हो सकती है भारी बारिश:

मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ जिलों में अगले 24 घंटे में गरज चमक के साथ भारी बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा जिलों में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी बारिश की संभावना जताई है तथा रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही बस्तर जिले में भी गरज चमक के साथ भारी बारिश की संभावना जताई गयी है। जिसके मद्देनजर प्रशासन की टीम मुस्तेद हो गई हैं।

## बीजापुर जिले में एक बार फिर बारिश ने मचाया कहर, बाढ़ के पानी मे बहे लगभग पचास मवेशी



**बीजापुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर के बीजापुर जिले में हो रहे अनवरत बारिश ने एक बार फिर कहर मचा रखा है, जगह जगह नदी नाले उफान पर होने से सैकड़ों गाँवो का सम्पर्क ब्लाक मुख्यालय व जिला मुख्यालय से पूरी तरह कट चुका है । वहीं भारी बारिश से नदी नाले में आये बाढ़ में 50 मवेशियों के बहने की खबर आ रही है जिसमे कुछ मवेशियों की मौत भी हो गई है ।

जनजीवन प्रभावित

जिले में पिछले दो दिनों से हो रही मुशलाधार बारिश से जन जीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो चुका है वहीं नदी नाले के उफान पर होने से भोपालपटनम, गंगालूर, तोयनार मार्ग पूरी तरह से जिला मुख्यालय से कट चुका है । दूसरी ओर भारी बारिश के कारण पदेड़ा के कडेनार के लँकापरा में और चेकण्टी के पटेलपारा में नदी का पानी गांव में घुसने से वहां के ग्रामीण सुरक्षित जगह पर चले गए हैं । वहीं चिन्नाकवाली के रालापाल में बाढ़ के पानी मे लगभग 50 मवेशी बह गए हैं, जिनमे कुछ मवेशियों की मौत हो गई है । बारिश से पेदाकोरमा के दशरू मोडियाम व कमलेश मोडियाम, रेड्डी के आश्रित ग्राम जारगोया निवासी श्रीनाथ सहित मिड़ते के दो मकान को क्षति पहुंची है ।

लोगो का किया गया रेस्क्यू

बीजापुर जिला मुख्यालय के कोकड़ापारा नाले में अत्यधिक पानी होने से दो महिला और तीन बच्चों का सकुशल रेस्क्यू कर सुरक्षित जगह पर पहुंचा दिया गया है । बीजापुर भोपालपटनम मार्ग पर स्थित मोदकपाल नदी में बाढ़ होने से भोपालपटनम मार्ग भी बंद हो गया है ।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 1085.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 1085.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 11 सितम्बर तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2173.5 मिमी और सरगुजा में जिले में सबसे कम 493.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर में 805.7 मिमी, बलरामपुर में 782.6 मिमी, जशपुर में 802.0 मिमी, कोरिया में 728.5 मिमी, रायपुर में 796.1 मिमी, बलौदाबाजार में 1017.2 मिमी, गरियाबंद में 1120.8 मिमी, महासमुंद में 1046.0 मिमी, धमतरी में 1175.1 मिमी, बिलासपुर में 1224.0 मिमी, मुंगेली में 1132.0 मिमी, रायगढ़ में 986.0 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1172.8 मिमी, कोरबा में 957.4 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 915.5 मिमी, दुर्ग में 901.2 मिमी, कबीरधाम में 970.6 मिमी, राजनांदगांव में 1039.5 मिमी, बालोद में 1158.6 मिमी, बेमेतरा में 634.5 मिमी, बस्तर में 1615.5 मिमी, कोण्डागांव में 1152.9 मिमी, कांकेर में 1375.5 मिमी, नारायणपुर में 1231.7 मिमी, दंतेवाड़ा में 1639.0 मिमी और सुकमा में 1342.1 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

# 12 एवं 14 सितम्बर को लैलूंगा एवं छाल में होगा लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन




**रायगढ़**

जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 सितम्बर दिन सोमवार को जनपद पंचायत लैलूंगा एवं 14 सितम्बर दिन बुधवार को कॉलेज छाल में लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में सभी आवेदकों को वाहन चालन हेतु लर्निंग लायसेंस दिया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए आवेदक को लोक सेवा केन्द्रों/च्वाईस सेंटर या स्वयं इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन पूर्ण कर आवश्यक दस्तावेज जैसे निवास हेतु आधार कार्ड, वोटर कार्ड या पता प्रमाण-पत्र हेतु अन्य अन्य दस्तावेज एवं जन्म तिथि प्रमाण-हेतु अंकसूची, पेन कार्ड, पासपोर्ट सहित आवश्यक शुल्क जमा कर उपस्थित होना अनिवार्य है।

# नवाचार के अवसरों का जनहित तथा क्षेत्र के विकास में करें बेहतर उपयोग: मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

- मुख्यमंत्री से परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टरों ने की सौजन्य मुलाकात
- परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टरों ने मुख्यमंत्री के समक्ष साझा किए प्रशिक्षण के अनुभव



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज शाम यहां उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा रायपुर में प्रशिक्षणरत परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टरों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टरों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके पास नई सोच के साथ नवाचार करने का बहुत अच्छा अवसर हैं, इस अवसर का जनहित तथा क्षेत्र के विकास की दिशा में बेहतर से बेहतर उपयोग करें। वहीं परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टरों ने भी प्रशिक्षण को लेकर अपने अनुभव मुख्यमंत्री के समक्ष साझा किए।

मुख्यमंत्री ने परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टरों से चर्चा करते हुए कहा कि अभी तक आपने मुख्यतः थ्योरी की जानकारी ली है। थ्योरी और फील्ड के कार्य में अंतर है। छत्तीसगढ़ में जमीनी स्तर पर कई महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ में लघु वनोपज सहित अनेक उत्पाद हैं, जिनके उत्पादक बाजार के अभाव में उत्पाद बेच नहीं पाते। हम हर जिले में सी-मार्ट स्टोर बना रहे हैं, जहां इन उत्पादों की बिक्री कर ग्रामीण बेहतर लाभ कमा रहे हैं। जशपुर जिले में स्वच्छता दीदीयां सी-मार्ट के उत्पादों की घर-घर जाकर मार्केटिंग कर रही हैं। ऐसे कई नवाचार और भी जिलों में हो रहे हैं, जिनसे लोगों को रोजगार मिल रहा है। वहीं परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टरों ने प्रशिक्षण के अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि प्रशिक्षण के बाद कार्य और दायित्वों को लेकर उन्हें निरंतर नयी जानकारियां मिल रही हैं, जो निश्चित तौर पर फील्ड पोस्टिंग में काफी मददगार साबित होगी।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी रायपुर महानिदेशक रेणु जी. पिल्ले, संचालक टी.सी. महावर, प्राध्यापक डॉ. प्रदीप शुक्ला, परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टर्स श्रीकांत कोराम, विश्वास कुमार, नीरनिधि नन्देहा, सोनाल डेविड, सुश्री रूचि शार्दुल, सुश्री वर्षा बंसल, सुश्री हर्षलता वर्मा, सुश्री ऋचा चन्द्राकर, सुश्री लेखा अजगल्ले, विकास सर्वे, अजय मोडियम, सुमीत बघेल, कमल किशोर, सुश्री चांदनी कंवर, सुश्री आकांक्षा पाण्डेय, डॉ. सुमित कुमार गर्ग शामिल थे।

# आज से 15 सितंबर तक लैलूंगा, खरसिया और धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे मुख्यमंत्री

- भेंट-मुलाकात : आमजन, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक-व्यापारिक संगठनों से करेंगे चर्चा



**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान का आगाज इसी वर्ष बीते 4 मई से किया था। इसकी अगली कड़ी में मुख्यमंत्री बघेल 12 सितंबर से 15 सितंबर तक रायगढ़ जिले के लैलूंगा, खरसिया और धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे और आमजनता से भेंट-मुलाकात करेंगे। उल्लेखनीय है कि भेंट-मुलाकात अभियान के पीछे मुख्यमंत्री का उद्देश्य आमजन, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक-व्यापारिक संगठनों से सीधे चर्चा कर शासकीय योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्यवन की हकीकत को जानना और जनसमस्याओं से रूबरू होना है। वहीं मुख्यमंत्री बघेल जहां भी आमजन से भेंट-मुलाकात के लिए जा रहे हैं, वहां जनआकांक्षाओं के अनुरूप घोषणाएं भी कर रहे हैं, जिनमें शासन-प्रशासन के स्तर पर त्वरित अमल भी किया जा रहा है।

गौरतलब है कि 4 मई से शुरू हुए भेंट-मुलाकात अभियान में मुख्यमंत्री बघेल अब तक 15 जिलों की 28 विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर चुके हैं। इसमें सरगुजा संभाग की 14 विधानसभा क्षेत्र, बस्तर संभाग के 12 विधानसभा क्षेत्र, बिलासपुर संभाग में गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले की मरवाही विधानसभा व रायगढ़ जिले के रायगढ़ विधानसभा का दौरा कर चुके हैं। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल न केवल आम जनता से राज्य शासन की योजनाओं पर फीडबैक ले रहे हैं, बल्कि स्थानीयजनों की मांग पर क्षेत्र के विकास के लिए मौके पर ही अनेक घोषणाएं भी कर रहे हैं साथ ही शिकायत आने पर भी उसका तत्काल निराकरण किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री बघेल आम जनता से योजनाओं का फीडबैक लेने के साथ ही दौरा कार्यक्रम के दौरान विधानसभाओं में स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, शासकीय प्राथमिक शालाओं, आंगनबाड़ियों, तहसील कार्यालय, स्वास्थ्य केंद्रों, राशन दुकानों एवं अन्य सरकारी कार्यालयों का भी निरीक्षण कर वहां पर व्यवस्था की जानकारी ले रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री बघेल आवश्यक सुधार के निर्देश एवं आवश्यक कार्रवाई भी कर रहे हैं। स्कूलों में बच्चों से भेंट-मुलाकात कर उनके द्वारा बच्चों से बातचीत कर स्कूल में अध्यापन एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली जा रही है। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम को लेकर प्रदेश की जनता भी उत्साह में है एक ओर उन्हें अपने मुख्यमंत्री से सीधे संवाद का मौका मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की तत्काल निराकरण की पहल से भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के प्रति जनता का विश्वास और उत्साह दुगुना हुआ है।

# आपसी विवाद के चलते पत्नी ने की पति की हत्या

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से सनसनी खेज हत्या का मामला सामने आया है। अम्लीडीह में पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ। उसके बाद पत्नी ने अपने ही पति की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि पत्नी ने लोहे की रॉड से सिर में मारकर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस के अनुसार सुबह 9.30 बजे की घटना है। ये पूरा मामला थाना न्यू राजेंद्र नगर क्षेत्र की है।




जानकारी के अनुसार मृतक और आरोपी पति-पत्नी हैं। दोनों का विगत 2 वर्ष पूर्व सामाजिक विवाह हुआ था। विवाह दिनांक से दोनों के बिच आपसी मतभेद था। मृतक अपने पत्नी पर चरित्र संदेह किया करता था जिसके कारण दोनों आपस में आये दिन लड़ाई झगड़ा होते थे। आज करीबन 9,30 बजे आपसी विवाद के कारण दोनों एक दूसरे से लड़ाई हो रहे थे।

लड़ाई झगड़ा के दौरान आरोपी महिला के द्वारा एक लोहे के राड से मृतक के सिर में मारने से चोट लगने पर सुरेंद्र साहू की मृत्यु हो गई। मृतक का सुरेंद्र साहू पिता रामनारायण साहू है जो उम्र 30 वर्ष का है। आरोपी महिला का नाम मोती उर्फ मिनी साहू जो सेंट जोशफ कॉलोनी प्लॉट अमलिडीह में निवास करती थी। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है।

# गेजामुड़ा में संकुल स्तरीय शिक्षक अलंकरण समारोह का हुआ भव्य आयोजन

- संकुल स्तर पर विभिन्न कैटगरी में चयनित शिक्षकों का हुआ सम्मान

**रायगढ़।** किसी राष्ट्र के वास्तविक निर्माता उस देश के शिक्षक की होती हैं। एक विकसित समृद्ध और हर्षित राष्ट्र के भविष्य के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। भारतीय समाज में जहां शिक्षा को शरीर, मन और आत्मा के विकास का साधन माना गया है वहीं शिक्षक को समाज के समग्र व्यक्तित्व के विकास का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। उक्त बातें गेजामुडा में आयोजित संकुल स्तरीय शिक्षक अलंकरण समारोह में सहायक समन्वयक समग्र शिक्षा रायगढ़ भुनेश्वर पटेल ने कही। विदित हो कि सहायक समन्वयक समग्र शिक्षा रायगढ़ द्वय भुनेश्वर पटेल व आलोक स्वर्णकार के मुख्य आतिथ्य, विकास खंड शिक्षा अधिकारी रायगढ़ सी.के.धृतलहरे, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी रायगढ़ संजय पटेल, अनिल कुमार साहू, बीआरसी रायगढ़ मनोज अग्रवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य परमानंद पटेल, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मी नारायण पटेल, एसएमसी अध्यक्ष गेजामुड़ा ओम प्रकाश पटेल के विशिष्ट आतिथ्य व गौरवमयी उपस्थिति में शनिवार 10 सितंबर को कार्यक्रम स्थल गेजामुड़ा संकुल केंद्र काशीचुंवाँ में संकुल स्तरीय शिक्षक अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजा-अर्चन, डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छाया चित्र पर माल्यार्पण व राजकीय गीत अरपा पैरी के धार से किया गया। संकुल स्तरीय शिक्षक अलंकरण सम्मान समारोह के अभिनव पहल करने वाले सीएसी भुवन पटेल ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि सम्मान और पुरस्कार उत्तम व्यवहार और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करने का एक बेहतरीन माध्यम है जो हमें और बेहतर करने के लिए सतत सहित करता है। आज हम हमारे संकुल के ऐसे अनुशासित नवाचारी शिक्षकों को सम्मानित करने जा रहे हैं जिन्होंने संकुल स्तर पर अपने अभिनव प्रयास से ऐसे बेहतरीन विद्यालय व शैक्षणिक परिवेश शैक्षणिक गुणवत्ता के आदर्श प्रतिमान स्थापित किया है जो हम सभी के लिए अनुकरणीय हैं ऐसे शिक्षको का सम्मान करते हुए हम स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते हैं। एपीसी आलोक स्वर्णकार जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक की जिम्मेदारी बहुत अधिक होती है क्योंकि उस पर ना केवल बच्चों का बौद्धिक नैतिक मनोवैज्ञानिक व शारीरिक विकास करने की महती जिम्मेदारी होती है अपितु बच्चों की सामाजिक चारित्रिक एवं सांवेगिक विकास की दोहरी जिम्मेदारी भी शिक्षक के मजबूत करने पर होती है। वहीं बीईओ रायगढ़ सी.के. धृतलहरे ने कहा कि शिक्षक पालक बालक और समुदाय के बीच एक मजबूत सेतु की तरह कार्य करता है जिस पर विद्यालय और समुदाय को जोड़े रखते हुए बालक एवं विद्यालय के सर्वांगीण विकास की महती जिम्मेदारी होती है। एबीईओ द्वय संजय पटेल व अनिल साहू ने कहा कि शिक्षक इसलिए पूजनीय है कि उस पर एक पालक तथा काउंसलर के रूप में बच्चों के मनोविज्ञान को समझते हुए उसके कमियों को दूर कर उसके सकारात्मक पक्ष व प्रतिभा को निखारने का महती दायित्व होता है। संकुल प्राचार्य परमानंद पटेल ने कहा कि संकुल स्तर पर अनुशासित व नवाचारी शिक्षकों का सम्मान कर हम स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उक्त कार्यक्रम संकुल केंद्र काशीचुंवाँ के तत्वाधान में हुआ। कार्यक्रम का बेहतरीन संचालन राज्यपाल पुरस्कार सम्मानित प्रधान पाठक आशीष रंगारी द्वारा किया गया। संकुल परिवार की ओर से राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित आशीष रंगारी को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर, शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा रायगढ़ के अधिकारियों के कर कमलों द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

6 कैटेगरी के आधार पर चयनित शिक्षकों का हुआ सम्मान

जिले में शिक्षक सम्मान समारोह के इतिहास में सीएसी भुवन पटेल द्वारा किया गया संभवत यह पहला अभिनव प्रयास था जिसमें संकुल स्तर पर विभिन्न 6 कैटेगरी के आधार पर आवेदन आमंत्रित कर 5 सदस्य कमेटी जिसमे संकुल प्राचार्य, संकुल शैक्षिक समन्वयक, वरिष्ठ व्याख्याता और सेवानिवृत्त प्रधान पाठकों द्वारा आमंत्रित आवेदन पत्रों, शिक्षकों द्वारा किए गए विशिष्ट कार्यों, आवश्यक दस्तावेजों का गहन आकलन कर, विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संकुल स्तरीय शिक्षकों का चयन किया और उन्हें संकुल स्तर पर सम्मानित करने की अभिनव पहल की गई। चयन हेतु विभिन्न कैटेगरी यथा नियमित समय पालन कक्षा अध्यापन अनुशासन, कक्षा स्तर से निम्न स्तर वाले विद्यार्थियों को कक्षा स्तर तक लाने, नवाचार कबाड़ से जुगाड़, विद्यालय प्रबंधन, संकुल स्तर पर सर्वश्रेष्ठ शिक्षक, 5 वर्षों में सबसे अधिक शालेय कार्य दिवस में उपस्थिति जैसे क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों का चयन किया गया।

ये शिक्षक हुए सम्मानित

संकुल स्तर पर सर्वश्रेष्ठ शिक्षक देवेंद्र कुमार पटेल शिक्षक एलबी शास.माध्य.शाला गेजामुड़ा, कक्षा स्तर से निम्न स्तर वाले विद्यार्थियों

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480